# महत्वाकांक्षी जनपदों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक दिनांक 01 अक्टूबर 2019 का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में **दिनॉक 01 अक्टूबर 2019 को प्रदेश के 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक** कक्ष संख्या–111 "वैचारिकी"योजना भवन, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्तर से मिशन निदेशक/अपर मिशन निदेशक–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रबंध निदेशक–मेडिकल सप्लाईज कार्पोरेशन, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, महानिदेशक परिवार कल्याण, महानिदेशालय एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों तथा 08 महत्वाकांक्षी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक/अधिक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक एवं जिला डाटा कम एकाउण्ट असिसटेण्ट द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में हैल्थ पार्टनर फोरम के सदस्यों/प्रतिनिधियों (यूनिसेफ, पिरामल फाउण्डेशन, यू0पी0टी0एस0यू0/बी0एम0जी0एफ0) के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

मिशन निदेशक द्वारा प्रमुख सचिव महोदय की अनुमति से जनपदवार समीक्षा प्रारम्भ की गयी। समीक्षा बैठक में हुई चर्चा के बिन्दु एवं दिये गये निर्देश निम्नवत हैं :–

**नीति आयोग पोर्टल के संकेतक एवं डाटा फीडिंग की समीक्षा–**

1. प्रमुख सचिव द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नीति आयोग के पोर्टल (चैम्पियन्स आफ चेन्ज) पर भरे जाने वाले सूचकांकों के डाटा के डिनोमिनेटर की जानकारी कर ली जाये। साथ ही पोर्टल पर अपलोड कराये जा रहे डाटा को एच०एम०आई०एस० के डाटा के साथ वैरीफाई करने के पश्चात ही फीड कराया जाये जिससे कि दोनों पोर्टल के डाटा में भिन्नता को रोका जा सके।
2. प्रमुख सचिव द्वारा अपेक्षा की गई कि नीति आयोग के पोर्टल के मुख्य सूचकांकों का थर्ड पार्टी मूल्यांकन करा लिया जाये जिससे सूचकांकों की स्थिति तथा ऑकड़ों की प्रमाणिकता सिद्व हो सकेगी। साथ ही राज्य एवं जनपद स्तर पर थर्ड पार्टी मूल्यांकन के दौरान entry conference एवं कार्य पूर्ण होने पर exit conference की प्रक्रिया कराना सुनिश्चित करें।
3. नीति आयोग के पोर्टल को खोलने एवं स्वास्थ्य के 22 संकेतकों के डाटा स्रोत तथा उनको फीड किये जाने की आवृत्ति में मुख्य चिकित्साधिकारियों की असमर्थता पर प्रमुख सचिव द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि जनपदीय अधिकारियों एवं कर्मी जो डाटा का कार्य करते है की क्षमतावृद्वि करना सुनिश्चित करें। पोर्टल पर डाटा अपलोड कराते समय सचेत रहे।

**मातृ स्वास्थ्य के बिन्दु –**

4. संभावित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में पंजीकृत होने वाली महिलाओं का प्रतिशत समस्त जनपदों में कम पाया गया। निर्देशित किया गया कि ए0एन0एम0 एवं आशा के स्तर पर लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

| District | # of ANC registered within the first trimester | Estimated Pregnant Women | % of ANC registered within the first trimester (June) | Champions of change |
|---|---|---|---|---|
| Bahraich | 42376 | 48385 | 88 | 73 |
| Balrampur | 29011 | 29808 | 97 | 87 |
| Chandauli | 21338 | 27090 | 79 | 84 |
| Chitrakoot | 9849 | 13758 | 72 | 81 |
| Fatehpur | 26778 | 36524 | 73 | 85 |
| Shrawasti | 15313 | 15501 | 99 | 78 |
| Siddharth Nagar | 23226 | 35505 | 65 | 73 |
| Sonbhadra | 17191 | 25839 | 66 | 73 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0/यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019) (अगस्त http://championsofchange.gov.in)

5. निर्देशित किया गया कि समस्त ऑकड़ों की भिन्नता (एच0एम0आई0एस0 पोर्टल और नीति आयोग के पोर्टल) के संबंध में जिलाधिकारियों को पत्र जारी करना सुनिश्चित करें।

6. प्रत्येक गर्भवती महिला को आई0एफ0ए0 टेबलेट नियमानुसार दिये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही तकनीकी सहयोगी इकाईयों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कुछ गर्भवती महिलाओं से आई0एफ0ए0 टेबलेट प्राप्त होने और उपभोग करने संबंधी केस स्टडी प्रस्तुत करें।

7. प्रमुख सचिव द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी कुशलतापूर्वक अपने कार्य एवं उत्तदायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

8. संभावित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष 04 या अधिक ए0एन0सी0 प्राप्त करने वाली महिलाओं का प्रतिशत जनपद सिद्धार्थनगर (74 प्रतिशत) तथा फतेहपुर (77 प्रतिशत), में कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया कि समस्त गर्भवती महिलाओं की 04 प्रसव पूर्व जांच किया जाना सुनिश्चित करें।

| District | # of Pregnant Women receiving 4 or more Antenatal care checkups | Estimated Pregnant Women | % of Pregnant Women receiving 4 or more Antenatal care checkups (June) |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 47435 | 48385 | 98 |
| Balrampur | 33799 | 29808 | 113 |
| Chandauli | 22416 | 27090 | 83 |
| Chitrakoot | 11264 | 13758 | 82 |
| Fatehpur | 28067 | 36524 | 77 |
| Shrawasti | 18364 | 15501 | 118 |
| Siddharth | 26135 | 35505 | 74 |
| Sonbhadra | 21011 | 25839 | 81 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019)

9. कई जनपदों में हिमोग्लोबिनोमीटर की उपलब्धता अत्यधिक कम होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में जनपदों में हिमोग्लोबिनोमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। ए0एन0सी0 हेतु पंजीकृत गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष हीमोग्लोबिन की जांच की गयी महिलाओं की संख्या कम होने पर जनपद सिद्धार्थ नगर, सोनभद्र, चन्दौली, बलरामपुर के मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों के माध्यम से समस्त ए0एन0एम0 के कार्यों की समीक्षा की जानी सुनिश्चित करें तथा डाटा वैलीडेशन की बैठक नियमानुसार कराते हुये डाटा फीड कराना सुनिश्चित करें।

| District | Sum of PW tested for Haemoglobin (Hb ) | Sum of PW registered for ANC | % of PW tested for Hb against ANC |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 43351 | 65048 | 67 |
| Balrampur | 23700 | 41202 | 58 |
| Chandauli | 16289 | 27656 | 59 |
| Chitrakoot | 12423 | 12766 | 97 |
| Fatehpur | 24931 | 32251 | 77 |
| Shrawasti | 17153 | 21475 | 80 |
| Siddharth Nagar | 10547 | 35279 | 30 |
| Sonbhadra | 11805 | 23387 | 50 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019)

10. संभावित प्रसवों के सापेक्ष जनपदों में किये गये संस्थागत प्रसव का प्रतिशत समस्त जनपदों में बहुत कम होने पर घोर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाने के निर्देश दिये गये।

| District | Sum of Institutional Deliveries conducted (Incl C-Sections) | Sum of Estimated number of deliveries | % of institutional deliveries against est. deliveries | Champions of change |
|---|---|---|---|---|
| Bahraich | 27426 | 43986 | 62 | 71 |
| Balrampur | 16168 | 27098 | 60 | 77 |
| Chandauli | 11708 | 24628 | 48 | 97 |
| Chitrakoot | 7362 | 12508 | 59 | 97 |
| Fatehpur | 15366 | 33203 | 46 | 142 |
| Shrawasti | 10211 | 14092 | 72 | 105 |
| Siddharth Nagar | 15116 | 32277 | 47 | 71 |
| Sonbhadra | 11447 | 23490 | 49 | 71 |

(स्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019) (अगस्त http://championsofchange.gov.in)

11. जनपदों में स्थित एफ0आर0यू0 को दिशा–निर्देशों के अनुसार क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें। जिन जनपदों के जिला चिकित्सालयों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में सी–सेक्शन का कार्य प्रसूतिरोग विशेषज्ञ अथवा निश्चेतक की कमी से सम्पादित नहीं किये जा रहे हैं। ऐसी दशा में स्थानीय स्तर पर ऑन कॉल विशेषज्ञों को जिला स्वास्थ्य समिति स्तर से इम्पैनल्ड करने के निर्देश मिशन निदेशक द्वारा दिये गये।
12. निर्देशित किया गया कि संस्थागत प्रसव में लक्ष्य महानिदेशक परिवार कल्याण स्तर से जारी संस्थागत प्रसवों के ऑकड़ों को माना जायेगा।
13. कई जनपदों में विटामिन के–1, एण्टीबायोटिक दवाईयाँ, आईरन–फॉलिक टेबलट उपलब्ध न होने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि उक्त दवाईयों की उपलब्धता हेतु मॉगपत्र मेडिकल कार्पोरेशन को प्रेषित कर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया।
14. कई जनपदों में गर्भवती महिलाओं के एच०आई०वी० टेस्ट / सिफलिस किट सम्पादित नही कराये जाने की जानकारी पर मिशन निदेशक द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त चिकित्सालयों में एच०आई०वी० एवं सिफलिस टेस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये।
15. जनपद बहराइच, बलरामपुर, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर तथा सोनभद्र में ज्यादा होम डिलीवरी पाये जाने पर प्रमुख सचिव द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संस्थागत प्रसवों के बढाये जाने की रणनीति पर कार्य करें। आशाओं / ए0एन0एम0 के साथ लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की समीक्षा सुनिश्चित कराई जाये।

| District | Sum of Home Deliveries attended by Skill Birth Attendant | Sum of Total home deliveries reported-(SBA+NSBA) | % of Home Deliveries attended by an SBA | |
|---|---|---|---|---|
| | | | HMIS | Champions of change |
| Bahraich | 481 | 7046 | 7 | 9 |
| Balrampur | 1123 | 8957 | 13 | 19 |
| Chandauli | 77 | 257 | 30 | 69 |
| Chitrakoot | 82 | 400 | 21 | 40 |
| Fatehpur | 557 | 3225 | 17 | 16 |
| Shrawasti | 218 | 1704 | 13 | 34 |
| Siddharth Nagar | 1006 | 8654 | 12 | 34 |
| Sonbhadra | 493 | 3357 | 15 | 19 |

| Source - HMIS/ UPHMIS as on 20th Sep, 2019<br>%age against total Home delivery | |
|---|---|

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019) (अगस्त http://championsofchange.gov.in)

16. प्रमुख सचिव द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि घरेलू प्रसव और संस्थागत प्रसव के मध्य जो अन्तर है, की समीक्षा कर शतप्रतिशत प्रसवों की ट्रेकिंग आर0सी0एच0 पोर्टल से करना सुनिश्चित करें।

**<u>बाल स्वास्थ्य एवं नियमित टीकाकरण–</u>**

17. मिशन निदेशक द्वारा समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर नवजात शिशु के सही वजन को जन्म के समय लिये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारियों को दिये गये। रजिस्टर एवं पोर्टल पर वास्तविक डाटा को अपलोड कराया जाये।

| District | Sum of NBs having weight less than 2.5 kg | Sum of NBs weighed at birth | % of Low Birth Weight babies (less than 2500 gm) | Champions of change |
|---|---|---|---|---|
| Bahraich | 4254 | 33416 | 13 | 15 |
| Balrampur | 1729 | 24769 | 7 | 5 |
| Chandauli | 1195 | 11865 | 10 | 9 |
| Chitrakoot | 1493 | 7445 | 20 | 17 |
| Fatehpur | 1949 | 17751 | 11 | 11 |
| Shrawasti | 1903 | 11573 | 16 | 10 |
| Siddharth Nagar | 1969 | 23128 | 9 | 9 |
| Sonbhadra | 1602 | 14274 | 11 | 13 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019) (अगस्त http://championsofchange.gov.in)

18. **पूर्ण प्रतिरक्षण** में समस्त 08 जनपदों का टीकाकरण प्रतिशत कम होने पर प्रमुख सचिव द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत प्रतिरक्षण कराया जाना सुनिश्चित करें।

| District | Sum of Number of children aged between 9-11 months fully immunized | Sum of Estimated number of live births | % of children fully immunized (9-11 months) | Champions of change |
|---|---|---|---|---|
| Bahraich | 39496 | 42516 | 93 | 97 |
| Balrampur | 27346 | 26269 | 104 | 101 |
| Chandauli | 23086 | 23869 | 97 | 128 |
| Chitrakoot | 11003 | 12108 | 91 | 95 |
| Fatehpur | 25396 | 32180 | 79 | 102 |
| Shrawasti | 13439 | 13624 | 99 | 98 |
| Siddharth Nagar | 25121 | 31213 | 80 | 116 |
| Sonbhadra | 18752 | 22767 | 82 | 106 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–20 सितम्बर 2019) (अगस्त http://championsofchange.gov.in)

19. कई जनपदों में ORS पैकेट व जिंक टेबलेट उपलब्ध न होने की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा दी गई। प्रबंध निदेशक–मेडिकल कार्पोरेशन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रचुर मात्रा में ORS पैकेट व जिंक टेबलेट उपलब्ध हैं। जनपदों से प्राप्त होने वाले माँगपत्र के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**टी0बी0 नोटीफिकेशन एवं डी0बी0टी0 भुगतान–**

20. टी0बी0 नोटीफिकेशन की प्रगति के प्रस्तुतिकरण के दौरान प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि टी0बी0नोटीफिकेशन दर और उपचार दर में सुधार करें। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ बैठक एवं समन्वय करते हुये इसमें सुधार लायें।

| Aspirational District | Population 2019 | Public Notification | Private Notification | Total Notification | Annualize notification rate -Public | Annualize notification rate -Private | Annualize notification rate -Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Bahraich | 40.35 | 3246 | 956 | 4202 | 108 | 32 | 140 |
| Balrampur | 24.54 | 1731 | 270 | 2001 | 95 | 15 | 109 |
| Chandauli | 22.31 | 1775 | 287 | 2062 | 107 | 17 | 124 |
| Chitrakoot | 11.31 | 1195 | 250 | 1445 | 142 | 30 | 171 |
| Fatehpur | 30.88 | 2233 | 491 | 2724 | 97 | 21 | 118 |
| Shravasti | 13.35 | 1043 | 7 | 1050 | 105 | 1 | 106 |
| Siddharthnagar | 28.21 | 2238 | 272 | 2510 | 106 | 13 | 119 |
| Sonbhadra | 21.63 | 2015 | 374 | 2389 | 125 | 23 | 148 |
| Aspirational District Total/Avg. | **192.58** | **15476** | **2907** | **18383** | **111** | **19** | **130** |
| Total State | **2288.58** | **236996** | **113753** | **350749** | **139** | **67** | **206** |

(श्रोत–निःक्षय पोर्टल दिनांक–30 सितम्बर 2019)

21. निक्शय पोषण योजना के अन्तर्गत टी0बी0 रोगियों को डी0बी0टी0 भुगतान (रू0 500/–) किसी भी जनपद में शत–प्रतिशत न होने पर प्रमुख सचिव द्वारा समस्त मुख्यचिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त टी0बी0 रोगियों के बैंक खाते प्राप्त कर डी0बी0टी0 माध्यम से नियमानुसार ससमय भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

| S.No. | State/District | Total Eligible beneficiaries | Beneficiaries with DBT Payments done | % Paid Beneficiary (Total) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BAHRAICH | 10122 | 5643 | 56% |
| 2 | BALRAMPUR | 4976 | 2805 | 56% |
| 3 | CHANDAULI | 5397 | 3608 | 67% |
| 4 | CHITRAKOOT | 3605 | 2229 | 62% |
| 5 | FATEHPUR | 8794 | 4026 | 46% |
| 6 | SHRAVASTI | 2762 | 1802 | 65% |
| 7 | SIDDHARTHNAGAR | 5541 | 1837 | 33% |
| 8 | SONBHADRA | 5700 | 3540 | 62% |
| Total of Aspirational Districts | | 39626 | **46897** | **25490** |
| Uttar Pradesh | | 668385 | **790785** | **364294** |

(श्रोत–निःक्षय पोर्टल दिनांक–30 सितम्बर 2019)

22. प्रमुख सचिव द्वारा राज्य कार्यक्रम अधिकारी–क्षय को निर्देशित किया कि आगामी बैठक में टी0बी0 से संबंधित समस्त सूचकांकों पर प्रस्तुतिकरण स्वयं करना सुनिश्चित करें।

**संचारी रोग–**

23. सभी जनपद जे०ई० एवं डेंगू केसेज की रिपोर्टिंग भारत सरकार की गाईडलाइन के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। जे0ई0 एवं डेंगू रोगी की मृत्यु उपरान्त डेथ आडिट करने के बाद रिपोर्ट महानिदेशालय पर प्रेषित की जाए। आवश्यक औषधियों एवं रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
24. वर्षा ऋतु को देखते हुये यह अपेक्षित है कि वैक्टर जनित रोगो की रोकथाम हेतु ग्रामीण एवं शहरी इलाको में फॉगिंग, हाउस होल्ड स्प्रै तथा कीटनाशको के छिडकाव का कार्य नियमित रूप से कराया जाये और मुख्य चिकित्साधिकारी नियमित समीक्षा करें।

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु–**

25. महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य द्वारा कियान्वित ई0पी0एच0सी0 पायलट परियोजना में हैण्ड ओवर के समय पानी, बिजली, भवन के रखरखाव संबंधी कमियों को दूर करने हेतु मिशन निदेशक महोदय द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में स्वयं इन कमियों का निराकरण पी0एच0सी0 हेतु आवंटित रोगी कल्याण बजट से कराना सुनिश्चित करें।
26. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार के कार्य बिना टेण्डर/जेम प्रकिया के न किये जायें तथा वित्तीय नियमों का पालन किया जाय एवं पूर्ण पारदर्शिता बरती जाये।
27. मिशन निदेशक द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को अवगत कराया गया कि एक थर्ड पार्टी सर्वे के परिणामों से यह पाया गया कि अधिकांश वी0एच0एन0डी0 में किट उपलब्ध नही है, ग्लूकोनोमीटर खराब पाये गये, आई0एफ0ए0 टेबलेट की कमी पाई गई। सत्र में कंज्यूमेबल्स की कमी पाई गई। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 10 दिन के अन्दर वी0एच0एन0डी0 किट की समस्त सामग्री और उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा स्वयं करें।
28. प्रमुख सचिव द्वारा महत्वाकांक्षी जनपदों में तकनीकि सहयोग प्रदान कर रही सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जनपद से Champions of Change portal पर स्वास्थ्य से संबंधित indicators के denominator पर जनपदीय अधिकारियों/प्रबंधकों की समझ विकसित करना सुनिश्चित करें। साथ ही एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोडेड ऑकडों के साथ Champions of Change portal अपलोडेड ऑकडों का तुलनात्मक समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ करना सुनिश्चित करें।
29. प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी प्रत्येक माह नीति आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर रहे ऑकड़ों की प्रमाणिकता स्वयं सुनिश्चित करें। प्रत्येक माह के ऑकड़ों के आधार पर ए0एन0एम0/आशा तक समीक्षा सुनिश्चित करायें।
30. मुख्य चिकित्साधिकारी बहराइच को निर्देशित किया गया किं भारत सरकार के कॉमन रिव्यू मिशन दल के जनपद भ्रमण से पहले समस्त कार्यकमों/गतिवधियों को राज्य स्तर से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप संचालित कराना सुनिश्चित करें। राज्य स्तर की टीमों द्वारा दिये जा रहे सुझावों पर अमल करें। प्रतिदिन समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी करना सुनिश्चित करें।
31. प्रमुख सचिव द्वारा समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त जिला स्तरीय चिकित्सालय, सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 को आयुष्मान भारत योजना में empanel कराना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त जिला स्तरीय चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एस०एन०सी०यू० पर किये गये मरीजों के उपचार के दौरान यह पता लगाया जाये कि कोई मरीज आयुष्मान भारत योजना का पात्र लाभार्थी तो नही है, यदि है तो उस मरीज पर हुए चिकित्सकीय व्यय की प्रतिपूर्ति धनराशि नियमानुसार आयुष्मान भारत योजना से प्राप्त करने का प्रयास करें। इस

धनराशि का उपयोग चिकित्सालय के सुदृढ़ीकरण में किया जा सकता है। आयुष्मान भारत योजना में बच्चों के इलाज की जानकारी के ऑकड़े पृथक से रक्खें।

32. मिशन निदेशक द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, सोनभद्र को एम0सी0एच0 विंग में लिफ्ट की क्रियाशीलता को स्थानीय स्तर पर कराये जाने के निर्देश दिये।

33. प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपदों में जो चिकित्सालय निर्मित हो चुके है, की रिपोर्ट महानिदेशालय प्रेषित करें। महानिदेशालय निर्मित भवनों का संकलन कर शासन के सम्मुख प्रस्तुत करें।

34. Health and Wellness Centres में Community Health Officers (CHO) की तैनाती सुनिश्चित कर क्रियाशीलता सुनिश्चित करायें।

35. जनपद चित्रकूट में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि संयुक्त चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, तैनात नही है। अल्ट्रासाउण्ड सेवायें नही दी जा पा रही है। मिशन निदेशक द्वारा निर्देशित किया कि जनपद में प्राईवेट अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर को जिला स्वास्थ्य समिति से empanel कराकर सेवायें प्रदान करना सुनिश्चित करें।

36. प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया कि आगामी बैठक में समस्त सूचकांको के ऑकड़ें प्रमाणिकता के साथ प्रस्तुत होने चाहिए।

37. प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दो माह पर एक बैठक राज्य स्तर पर की जायेगी और प्रत्येक माह एक वीडियों कॉफ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा की जायेगी।

38. निर्देशित किया गया कि महानिदेशक भी अपने स्तर से योजनाओं की समीक्षा की जानी सुनिश्चित करें।

अन्त में निर्देशित किया गया कि उक्त निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करें।

**(डा0 देवेश चतुर्वेदी)**
प्रमुख सचिव
चि0स्वा0 एवं प0क0, उ0प्र0

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्डई0/2019–20/35/6262-12 दिनांकः 18-10-19

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
4. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, लखनऊ।
5. सम्बन्धित जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
6. सम्बन्धित मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्वार्थनगर, चित्रकूट, सोनभद्र, बहराइच, चन्दौली एवं बलरामपुर।
8. सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय।
9. समस्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, वित्त नियन्त्रक एवं अधिशासी अभियन्ता राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10. महत्वाकांक्षी जनपदों हेतु राज्य स्तर (एस0पी0एम0यू0/महानिदेशालय) से नामित नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. यूनीसेफ, बीएम0जी0एफ0, पिरामल एवं एन0आई0 के संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. सम्बन्धित जिला कार्यकम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबन्धक/जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।

**(पंकज कुमार)**
मिशन निदेशक